15/02/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज राजभवन ईटानगर में राज्य के छोटे चाय उत्पादकों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर राज्य में चाय उत्पादन को बढ़ावा देने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। बैठक के तहत राज्यपाल ने चाय की जैविक खेती के महत्व पर जोर देते हुए बाज़ारों मे इसकी बढ़ती मांग पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने, नेचुरल फ़ार्मिंग पर भी ज़ोर दिया और कहा कि, विश्व के बाज़ारों में ईको फ्रेंडली एवं केमिकल फ्री उत्पादों की मांग भी ज्यादा हैं। उन्होंने उनसे एक आकर्षक लोगो, पर्यावरण के अनुकूल पैकेजिंग और एक अच्छी टैगलाइन के साथ विशिष्ट ब्रांड पहचान विकसित करने का आग्रह किया।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने राज्य के लोगों, विशेष रूप से वांचो जनजाति को ओड़िया त्योहार के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि यह त्योहार समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतिबिंब हैं, सामाजिक बंधन को मजबूत करते हैं और पीढ़ियों के बीच एकता को बढ़ावा देते हैं।

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज अंजाव जिले में प्रस्तावित कालाई-II जलविद्युत परियोजना के परियोजना प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

श्री खांडू ने सोशल मीडिया पोस्ट में इस महत्वपूर्ण परियोजना के प्रति उनके सकारात्मक दृष्टिकोण देखकर संतुष्टि व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र में विकास, बुनियादी ढाँचा और समृद्धि लाएगी। साथ ही, उचित मुआवज़ा, रोज़गार के अवसर, पर्यावरणीय स्थिरता और स्थानीय विकास सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

0000000000000000000

आज सुबह करीब 4 बजे तेजपुर-तवांग हाईवे के किनारे वेस्ट कामेंग जिले के टेंगा मैंन मार्केट में भीषण आग लगी गई। भारतीय सेना की गजराज कोर की त्वरित कार्रवाई से बिना किसी जनहानि के आग पर काबू पा लिया गया साथ एवं तत्काल मानवीय सहायता भी प्रदान की गई।

00000000000000000000000

बंदरदेवा पुलिस ने गुरुवार को दो अलग-अलग अभियानों में एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर बंदरदेवा पुलिस ने असम से एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर को पकड़ा। एक अलग अभियान में, बंदरदेवा पुलिस ने बंदरदेवा के निया कॉलोनी से तीन और संदिग्धों को भी पकड़ा। एसपी नाहरलागुन मिहिन गाम्बो ने बंदरदेवा पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

00000000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग द्वारा कल विश्वविद्यालय परिसर में **“रिजुविनेटंग इकॉसिस्टम फ़ॉर विकसित भारत”** विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुभारंभ किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफ़ेसर एस.के. नायक ने राष्ट्रीय विकास की आधारशिला के रूप में कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने के साथ, विकसित भारत में विभिन्न क्षेत्रों के बहुमुखी योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्र की प्रगति के लिए विचार, अंतर्दृष्टि उत्पन्न करने और युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने में इस तरह के सेमिनारों के महत्व पर जोर दिया, और सेमिनार के सकारात्मक परिणामों के बारे में आशा व्यक्त की।

0000000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के मेबो सब-डिविजनल एडमिनिस्ट्रेशन ने मेबो सब-डिविजन में एयर गन के उपयोग, बिक्री और रखने पर प्रतिबंध लगाने का कार्यकारी आदेश जारी किया है। यह निर्णय 8 फरवरी को क्षेत्र के सभी हेड गांव बुढ़ा, गांव बुढ़ा और ग्राम सचिवों के साथ मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम के बाद लिया गया। एयर गन प्रतिबंध के अलावा, मछली पकड़ने के दौरान इनवर्टर, जनरेटर, केमिकेल पोयजनिंग और ब्लास्टिंग के उपयोग को भी प्रतिबंधित करने और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करने एवं क्षेत्र में स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हानिकारक कीटनाशकों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का भी निर्णय लिया।

उप-विभागीय मजिस्ट्रेट ने सभी ग्राम प्रधानों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि एयर गन के मालिक 20 फरवरी तक अपने हथियार सरेंडर कर दें और राज्य दिवस समारोह के दौरान उन्हें प्रशासन को सौंप दें। एयर गन पर प्रतिबंध का आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा एक सौ तिरसठ के तहत जारी किया गया है।

0000000000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने आज राज्य के पापुम्पारे, वेस्ट सियांग, सियांग, अपर सुबनसिरी, शियोमी, लेपा रादा, अपर सियांग, ईस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली और दिबांग वैली इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। यहां अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज और बिजली के साथ बारिश की चेतावनी जारी की गई है। तवांग, वेस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, अपर सुबनसिरी, शी-योमी और अपर सियांग जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में भी कुछ स्थानों पर बारिश और बर्फबारी का संभावना है।

0000000000000000000000000

क्रा दादी जिले में दो पुलिसकर्मियों को कथित तौर पर ड्रग्स का सेवन करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। बुधवार रात को पालिन में एक दुकान पर छापेमारी के दौरान दोनों पुलिसकर्मियों एवं दो अन्य नागरिकों को इस संबंध मे पकड़ा गया। क्रा दादी एसपी सेपराज परमे ने बताया कि कार्रवाई के दौरान उनके कब्जे से करीब 2.24 ग्राम वजन के संदिग्ध प्रतिबंधित मादक पदार्थ की दो शीशियां जब्त की गईं। उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर और आगे की जांच जारी है।

0000000000000000000000000